pan>

Title: Regarding survey and construction of Belapur-Nevasa-Shevgaon Gevrai-Beed-Parli railway line in Maharashtra

श्री सदाशिव किसान लोखंडे (शिर्डी): मेरे संसदीय क्षेत्र शिर्डी, जिला अहमदनग (महाराष्ट्र) के अंतर्गत बेलापुर-नेवासा-शेवगांव-गेवरई-बीड-परली तक रेलवे लाई का निर्माण किए जाने हेतु विगत लम्बे समय से मांग की जा रही है तथा इसके लि ब्रिटिश काल के दौरान रेलवे सर्वे भी किया गया था। लेकिन इस रेल का निर्माण का आज तक नहीं हो सका है। इस संबंध में, मैं विगत लोक सभा 01.07.2017,10.11.2016,10.1.2016,10.5.2015 और 15.1.2016 में भी माननीय रे मंत्री जी को पत्र लिखकर अनुरोध कर चुका हूं।

इस संबंध में, मैं सरकार को यह भी अवगत कराना चाहूंगा कि वर्ष 2012- बेलापुर-नेवासा-शेवगांव-गेवरई-बीड़-परली के स्थान पर बेलापुर- नेवासा--शेवगां पाथर्डी-राजुरी- रायमोहा-बीड-परली के निर्माण हेतु सर्वे के लिए पौने तीन करो रू० की राशि जारी की गई थी। लेकिन, इस सर्वे में उक्त रेलवे लाईन की काफी ब हुई लागत दिखाई गई और चूंकि, पाथर्डी से बीड़ का रास्ता पर्वतीय है और य काफी परेशानियों से भरा हुआ है, अतः इसके निर्माण में काफी दिक्कतें भी बता गई।

अतः बेलापुर-नेवासा-शेवगांव-पाथर्डी-राजुरी- रायमोहा-बीड-परली के स्थान प बेलापुर-नेवासा-शेवगांव-गेवरई-बीड़-परली हेतु रेलवे लाईन का सर्वे कराए जाने क आवश्यकता है, ताकि यह क्षेत्र रेलवे से जुड़ सके। इस रेलवे लाईन के निर्माण से केवल क्षेत्र के लोगों को आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी, बल्कि इस क्षेत्र क विकास भी होगा।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि बेलापुर-नेवासा-शेवगां गेवरई- बीड़-परली लाईन का शीघ्र सर्वे करवाकर इसका निर्माण कराए जाने हेतु ध का आवंटन करने का कष्ट करें।